पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
'हर काम देश के नाम'

नई दिल्ली: आश्विन12, 1944
मंगलवार: 04 अक्तूबर 2022

रक्षा सचिव ने भारत-ब्रिटेन रक्षा सलाहकार समूह (डीसीजी) की बैठक की सह-अध्यक्षता की

रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने 03 अक्तूबर 2022 को लंदन में अपने समकक्ष ब्रिटेनकेपर्मानेंटअंडरसेक्रेटअरिऑफस्टेटफ़ॉरडिफेंसश्रीडेविडविलियम्सके साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा सलाहकार समूह (डीसीजी) की बैठक की सह-अध्यक्षता की। उन्होंने विभिन्न सेवा स्तर के द्विपक्षीय समूहों और अन्य रक्षा सहयोग प्रणालियों की प्रगति की समीक्षा की।

डॉ. अजय कुमार ने भारत और ब्रिटेन के बीच रक्षा और औद्योगिक सहयोग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग के लिए नए क्षेत्रों पर विचार किया, साइबर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता/आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते अधिकार क्षेत्रों का अन्वेषण किया और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

बाद में रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के एनएसए सर टिम बैरो के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। उन्होंने कई प्रमुख रक्षा और सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की।

एबीबी/डीएस